RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 30 सितम्बर 2022 | वर्ष 04 | अंक 144 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## पालघर में युवती की गोली मारकर हत्या!



**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले के बोईसर इलाके में एक युवक ने 21साल की युवती की गोली मारकर हत्या कर दी. वहीं हत्या करने के बाद आरोपी युवक ने खुद को भी गोली मारने की कोशिश की लेकिन सफल ना होने पर उसने सीआईएसएफ की गाड़ी के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। बोइसर पुलिस ने बताया की घटना टिमा हॉस्पिटल के सामने बुधवार दोपहर 3.30 बजे की है। वहीं युवती पर गोली चलाने के बाद आरोपी कृष्णा यादव ने सीआईएसएफ के गाड़ी के सामने कूदकर आत्महत्या की। पुलिस ने पिस्टल भी बरामद कर लिया है।

## 13 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त, NCB का बड़ा एक्शन!



**मुंबई :** मुंबई एयरपोर्ट पर एनसीबी ने बड़ा एक्शन लिया है। बताना चाहते हैं कि मुंबई में 13 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त की गई है। बताया जा रहा है कि तीन दिवसीय अभियान के दौरान 3 किलो कोकीन को जब्त किया गया है।

## RSS को बैन करने की ताकत इस दुनिया में किसी के पास नहीं है-गोपाल शेट्टी



**मुंबई :** पीएफआई पर लगे बैन के बाद देश का सियासी पारा गरमाया हुआ है। कांग्रेस सांसद के आरएसएस पर बैन की मांग के बाद संग्राम छिड़ गया है। इसी बीच भाजपा सांसद गोपाल शेट्टी ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि संघ को बैन करने की ताकत इस दुनिया में किसी के पास नहीं है और ना ही होगी।

## मुंबई में मछुआरों के इस्तेमाल वाले
# श्मशान का पुनर्निर्माण करने का आदेश...!



**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को मुंबई उपनगरीय जिलाधिकारी को मछुआरा समुदाय द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले श्मशान का एक महीने के भीतर पुनर्निर्माण करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने श्मशान के पुनर्निर्माण की लागत उस याचिकाकर्ता से वसूलने का आदेश दिया, जिसने दावा किया था कि इसे तटीय विनियमन क्षेत्र नियमों का उल्लंघन कर बनाया गया था। खंड पीठ ने बृहस्पतिवार को मुंबई निवासी चेतन व्यास की ओर से दाखिल उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें मछुआरा समुदाय द्वारा एरंगल तट पर श्मशान के कथित अनधिकृत निर्माण को लेकर चिंता जताई गई थी।

याचिका में आरोप लगाया गया था कि इस श्मशान को तटीय विनियमन क्षेत्र के नियमों का उल्लंघन कर बनाया गया था। उच्च न्यायालय ने व्यास पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया और उससे निर्माण/मरम्मत की लागत वसूलने का आदेश भी दिया। खंड पीठ ने कहा, ''महाराष्ट्र सरकार और मुंबई उपनगरीय जिलाधिकारी संबंधित श्मशान का उसी स्थल पर एक महीने के भीतर पुनर्निर्माण/मरम्मत करने के लिए जरूरी कदम उठाएंगे। उप-जिलाधिकारी इस पूरी प्रक्रिया को देखेंगे और अदालत को दस नवंबर को एक अनुपालन रिपोर्ट सौंपेंगे।''

## ...अब मुंबई वालों को मोबाइल एप पर मिलेगी पार्षदों की परफार्मेंस रिपोर्ट!



**मुंबई :** मुंबई में जल्दी ही निकाय चुनाव होने हैं। जिसके लिए अभी से राजनीतिक दलों और लोगों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। वहीं, इन चुनावों से पहले मुंबई के सिटीजन ग्रुप ने एक मोबाइल एप्लिकेशन बनाया है। इस ऐप के जरिए मुंबई के निवासी अपने-अपने इलाके के जनप्रतिनिधि की परफार्मेंस रिपोर्ट के लिए देख सकते हैं। इस एप को सिटीजन रिप्रेजेंटेटिव फोरम, नागरिकायन रिसर्च सेंटर ने तैयार किया है। नागरिकायन रिसर्च सेंटर के समन्वयक आनंद भंडारे ने इस ऐप के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि हमने 'माई कॉरपोरेटर' (माझा पार्षद) एप तैयार किया है। इस एप को गूगल प्लेस्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इस पर शहर के किसी भी नगरपालिका वार्ड में रहने वाला नागरिक अपने पार्षद का रिपोर्ट कार्ड मराठी या अंग्रेजी में देख सकता है। पार्षदों के रिपोर्ट कार्ड 'माई वार्ड, माई कॉरपोरेटर' प्रोजेक्ट के तहत तैयार किए गए हैं। नागरिकायन रिसर्च सेंटर के समन्वयक आनंद भंडारे ने कहा कि इस एप पर वे बीते छह सालों से काम कर रहे हैं। उन्होंने 2016 से इस पर काम शुरू किया था।

'नागरिकायन अनुसंधान केंद्र' के समन्वयक आनंद भंडारे ने गुरुवार को बताया कि इसमें बृहन्मुंबई नगर निगम के 56 पार्षदों की रिपोर्ट कार्ड है। साथ ही जनता की भागीदारी के साथ शामिल अधिक निर्वाचित प्रतिनिधियों का मूल्यांकन करने और आईओएस प्लेटफॉर्म पर भी इस ऐप को लाने की कोशिश जारी है।

## महिला करवा रही थी नाबालिग लड़की से देह व्यापार

### पुलिस ने किया गिरफ्तार...!


**ठाणे:** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने देह व्यापार में धकेली गई एक नाबालिग लड़की और एक महिला को मुक्त कराया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अविराज कुरहाडे ने कहा कि मीरा भायंदर-वसई विरार पुलिस के मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ठ (एएचटीसी) ने मंगलवार को एक रेस्तरां में ग्राहक के भेष में अपने एक कर्मी को भेजा था, जहां महिला दोनों पीड़ितों को वेश्यावृत्ति के इरादे से लेकर आई थी। उन्होंने कहा कि महिला को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि दोनों पीड़ितों को मुक्त करा लिया गया और उन्हें पुनर्वास गृह भेज दिया गया।



## अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही!

### समान नाम वाले व्यक्तियों के शवों की हुई अदला-बदली

**मुंबई :** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के अलीबाग में दो व्यक्तियों के शवों की हुई अदला-बदली होने का मामला सामने आया है. हालांकि अंतिम संस्कार से पहले दोनों व्यक्तियों के परिवारों ने उनकी मूंछों में फर्क पाया और फिर शवों को एक दूसरे से बदला गया.



अलीबाग तहसील के पेजारी गांव के निवासी रमाकांत पाटिल (62) की एमजीएम अस्पताल में रक्तचाप और मधुमेह के कारण मौत हो गई थी, वहीं उसी अस्पताल में पनवेल तहसील के दहिवली गांव के रहने वाले राम पाटिल (66) की गुर्दे और यकृत संबंधी रोग के कारण मौत हो गई थी. शवों की अदला-बदली शायद उनके समान नाम और लगभग समान उम्र के होने के कारण हुई.

मृतकों में से एक के रिश्तेदार ने बृहस्पतिवार को बताया, 'दाह संस्कार से ठीक पहले रमाकांत पाटिल के रिश्तेदारों ने महसूस किया कि मृतक की मूंछें अलग थीं. अस्पताल से संपर्क किया गया, लेकिन वहां के कर्मचारियों ने किसी भी गड़बड़ी को स्वीकार करने से इनकार कर दिया.'

रामक पाटिल के परिवार को भी लगा कि कुछ गड़बड़ है और दोनों के रिश्तेदार एमजीएम अस्पताल पहुंचे. इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने शवों की अदला-बदली की व्यवस्था की. इस बीच, अस्पताल प्रबंधन ने एक बयान में अपना बचाव किया और कहा कि दोनों परिवारों ने शवों को स्वीकार करने से पहले उन्हें देखा था.

## संपादकीय / लेख



# महिलाओं का अधिकार

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

देश की सर्वोच्च अदालत ने अपने शरीर पर महिलाओं के अधिकार को फिर एक बार पुष्ट किया, तो यह स्वागतयोग्य होने के साथ ही आगे के फैसलों के लिए अनुकरणीय भी है। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने साफ फैसला सुनाया है कि किसी भी महिला, विवाहित या अविवाहित, को 24 सप्ताह तक बिना किसी मंजूरी के गर्भपात कराने का अधिकार है। इसके साथ ही अदालत ने यह भी स्पष्ट किया है कि किसी विवाहित महिला को जबरन गर्भवती करना 'मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी ऐक्ट' के तहत बलात्कार माना जा सकता है। गुरुवार को आए इस फैसले से महिला सशक्तीकरण को बहुत बल मिलेगा। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी ऐक्ट के तहत गर्भपात के नियम स्पष्ट रूप से वर्णित हैं, उन्हीं के अनुरूप सर्वोच्च अदालत ने फैसला सुनाया है।

यह दुखद तथ्य है कि देश में अभी भी महिलाओं से जुड़े ज्यादातर फैसले पुरुष ही करते हैं। महिलाओं को अपने शरीर से जुड़े मुद्दों पर भी पुरुषों की मंजूरी लेनी पड़ती है, जबकि सर्वोच्च न्यायालय पहले ही महिलाओं के इस अधिकार पर रोशनी डाल चुका है। असल में, भारत जैसे सामाजिक रूप से जटिल पुरुषवादी देश में न्यायालयों को ऐसे फैसले बार-बार दोहराने या परिभाषित करने पड़ते हैं। ध्यान रहे, इस अधिकार तक पहुंचने में महिलाओं को लंबा समय लगा है। अपने इस अधिकार के प्रति सभी महिलाओं को जागरूक रहना चाहिए। पुरुषों को भी यह पता होना चाहिए कि उनका अधिकार क्षेत्र कहां खत्म हो जाता है। ऐसे फैसलों से प्रेरणा मिलनी चाहिए और महिलाओं के साथ किसी भी तरह की ज्यादती का अंत होना चाहिए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यह भी कहा है कि विवाहित महिलाएं भी बलात्कार पीड़ित हो सकती हैं। बलात्कार का अर्थ है, बिना सहमति के संबंध बनाना। अगर ऐसा होता है, तो वैवाहिक रिश्ते में भी इसे दुष्कर्म ही माना जाएगा। महिला की सहमति सबसे जरूरी है। मौजूदा नियमों के अनुसार, तलाकशुदा, विधवा महिलाएं 20 सप्ताह के बाद गर्भपात नहीं करा सकतीं, लेकिन अन्य सभी महिलाओं के लिए 24 सप्ताह तक गर्भपात की अनुमति का प्रावधान है। अदालत का यह फैसला 25 साल की गर्भवती अकेली युवती की अर्जी पर आया है। इस युवती को उच्च न्यायालय से राहत नहीं मिली थी, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय में न्याय के साथ ही नियमों को नई व्याख्या भी मिली है। शीर्ष अदालत ने साफ कर दिया कि किसी महिला से यह अधिकार छीनना उसकी गरिमा को कुचलने जैसा काम है। गर्भपात और महिलाओं के अधिकार के मामले में भारत सामान्य रूप से दुनिया में बहुत आगे है। अनेक देश अभी भी गर्भपात को मंजूरी नहीं देते हैं। गर्भपात को मंजूरी देने वाले देशों की संख्या 100 भी नहीं है। लीबिया, इंडोनेशिया, नाइजीरिया, ईरान और वेनेजुएला सहित लगभग 50 देश तब गर्भपात की अनुमति देते हैं, यदि किसी महिला का स्वास्थ्य जोखिम में हो। कई अन्य देश बलात्कार, अनाचार या भ्रूण असामान्यता की स्थिति में ही गर्भपात को मंजूरी देते हैं। अमेरिका में भी गर्भपात के अधिकार को लेकर विवाद चलता रहता है और वहां राज्यों के कानून अलग-अलग हैं। इस मोर्चे पर भारत के कानून काफी पुख्ता हैं, लेकिन यहां समाज में लोगों की सोच बदलने में समय लग रहा है।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

## उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दी जानकारी

# एसआरए की 68 योजनाएं म्हाडा को




**मुंबई :** उपमुख्यमंत्री और गृह निर्माण मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि झोपड़पट्टी पुनर्विकास की बंद पड़ी 68 योजना डेवलपर्स से वापस लेकर उन्हें म्हाडा को देने का निर्णय लिया गया है। साथ ही यह सुनिश्चित करने के लिए एक योजना लागू की जाएगी कि निवासियों को म्हाडा और एसआरए परियोजनाओं में नियमित किराया मिले। फडणवीस ने बुधवार को म्हाडा और झोपड़पट्टी पुनर्विकास प्राधिकरण (SRA) की योजनाओं की समीक्षा की। इस बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए फडणवीस ने कहा कि म्हाडा और एसआरए के माध्यम से लागू कई परियोजनाएं ठप पड़ी हैं, इसलिए निवासियों को डेवलपर्स से नियमित किराया नहीं मिल रहा है, इसलिए यह सुनिश्चित करने के लिए एक योजना बनाई जाएगी कि परियोजना को पूरा करते समय निवासियों को नियमित किराया मिले।

म्हाडा को समूह विकास योजनाओं को लागू करने का निर्देश दिया गया है। यह योजना मुंबई में लागू की जाएगी, जहां म्हाडा कॉलोनियां हैं। फडणवीस ने कहा कि इससे निवासियों को ज्यादा जगह मिलेगी। बैठक में बीडीडी चाल के पुनर्विकास की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि म्हाडा की योजनाओं को तेजी से क्रियान्वित करते हुए तेजी से निर्णय लेकर नागरिकों को बड़ी संख्या में फ्लैट उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में राज्य के किसानों को दो लाख सौर कृषि पंप, मार्च 2022 तक सभी कृषि पंप को जोड़ने का बैकलॉग पूरा करने और कृषि फीडर को सौर ऊर्जा में बदलने के महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बुधवार को बांद्रा स्थित प्रकाशगड कार्यालय में महाऊर्जा नियामक मंडल की बैठक उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महावितरण, महापारेषण, महानिर्मिती, होल्डिंग कंपनी सहित ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री ने राज्य में दो लाख सौर कृषि पंप का लक्ष्य पूरा करने की बात कहते हुए कहा कि केंद्र सरकार की कुसुम योजना के तहत एक लाख सौर कृषि पंप मेडा सहित महावितरण के माध्यम से देने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा मार्च 2022 तक के संपूर्ण पेड पेंडिंग को पूरा करने की योजना थी। कृषि फीडर को सौर ऊर्जा पर लाने की योजना हमारे काल में शुरू की गई थी। इसे अब गति दी जाएगी। इसमें 4 हजार मेगावॉट फीडर सौर ऊर्जा पर लाई जाएगी। इससे किसानों को 24 घंटे बिजली मिलेगी। साथ ही सब्सिडी का भार कम होगा।

# पश्चिम रेलवे पर बढ़ेगी एसी लोकल ट्रेन, 1 अक्तूबर से 31 और फेरियां...



**मुंबई :** मुंबई में एसी लोकल ट्रेनों में यात्रियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। ऐसे में पश्चिमी रेलवे ने 1 अक्टूबर से 31 और एसी लोकल ट्रेनों की सर्विस शुरू करने का निर्णय लिया है। इस समय पश्चिम रेलवे पर चर्चगेट-विरार के बीच 48 एसी लोकल चलती है। पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ सुमित ठाकुर ने बताया कि यात्रियों की मांग पर 79 एसी लोकल सर्विस होगी। इसके साथ साथ नॉन एसी के 15 डिब्बों की लोकल फेरियां 79 से बढ़कर 106 किए जाने का निर्णय हुआ है। उल्लेखनीय है कि एसी लोकल की सर्विस बढ़ने के साथ नॉन एसी लोकल की कुछ सेवाएं कम हो जाएंगी। सीपीआरओ ठाकुर के अनुसार, 31 नई एसी लोकल शुरू करने पर नॉन एसी कम होंगी, परंतु 50 सर्विस एक्सटेंड भी होंगी। गौरतलब है कि पिछले दिनों मध्य रेलवे को नॉन एसी की जगह एसी लोकल चलाए जाने का विरोध झेलना पड़ा था। पश्चिम रेलवे पर एसी लोकल की सर्विस बढ़ने पर कुल संख्या 1,383 हो जाएगी।

पीक आवर्स में एसी लोकल ट्रेन में हो रही भीड़ देश में सबसे पहले एसी लोकल की शुरूआत पश्चिम रेलवे पर ही हुई थी। पश्चिम रेलवे पर एसी लोकल को अच्छा प्रतिसाद मिलता रहा है। यात्रियों के अनुसार, एसी लोकल ट्रेनों में सीटें मिलना अब मुश्किल हो रहा है, खासकर भीड़-भाड़ के समय में। पीक आवर्स में ज्यादातर एसी ट्रेनें खचा खच भरी चल रही हैं। यात्रियों से खचा खच भरी हुई एसी लोकल का एक वीडियो भी वायरल हुआ था। वायरल वीडियो को एक यात्री ने शूट किया था। वीडियो में कई यात्री एसी लोकल में चढ़ने के लिए संघर्ष करते नजर आ रहे थे।


# NCP नेता छगन भजुबल के बयान पर महाराष्ट्र की राजनीति गरमाई...!



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में एनसीपी नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री छगन भुजबल एक बयान को लेकर विवाद छिड़ गया है.मुंबई में ओबीसी परिषद के कार्यक्रम में छगन भुजबल ने कहा कि स्कूलों में लगने वाली सरस्वती और शारदा मां की तस्वीर की पूजा नहीं होनी चाहिए.भुजबल ने कहा कि सरस्वती माँ ने सिर्फ तीन फीसदी लोगों को शिक्षा दी है. उनकी जगह सावित्रीबाई फुले और डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर की तस्वीर लगाकर उनकी पूजा होनी चाहिए. भुजबल के इस बयान का सत्ताधारी एकनाथ शिंदे-देवेंद्र फडणवीस सरकार ने कड़े शब्दों में विरोध किया है.

**बीजेपी का भुजबल पर पलटवार**

छगन भुजबल के बयान पर बीजेपी ने कड़े शब्दों में निंदा की है.बीजेपी विधायक और प्रवक्ता रामकरण ने कहा कि भुजबल अभी कह रहे स्कूलों से सरस्वती और शारदा मां की तस्वीर हटाएं आगे चलकर कहेंगे कि मंदिरों को बंद करें भुजबल का यह बयान देवी-देवताओं का अपमान करने वाला है.वहीं बीजेपी प्रवक्ता राम कदम ने कहा कि महापुरुषों को लेकर बीजेपी के हर कार्यकर्ता के मन में सम्मान है, लेकिन देवी-देवताओं का अपमान बीजेपी किसी भी सूरत में सहन करने वाली नहीं है. दरअसल छगन भुजबल सोमवार को मुंबई के यशवंतराव चव्हाण सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया था. इसमें उन्होंने कहा था कि स्कूलों में मां सरस्वती और शारदा माता की तस्वीर लगाई जाती है,जिन्हें हमने कभी देखा ही नहीं और ना ही कुछ पढ़ाया.अगर पढ़ाया भी होगा तो सिर्फ तीन फीसदी लोगों को.उन्होंने कहा, ''सावित्रीबाई फुले, महात्मा ज्योतिबा फुले, भीमराव अंबेडकर, छत्रपति शाहू महाराज और कर्मवीर भाऊराव पाटील की तस्वीरें सकूलों में लगाई जानी चाहिए, क्योंकि इन हस्तियों की वजह से हमें शिक्षा और अधिकार मिले हैं. इसलिए इनकी पूजा कीजिए यह आपके देवता हैं.



# जल्द संवरेगी मुंबई के सीएसएमटी स्टेशन की सूरत

## फूड कोर्ट, वेटिंग लाउंज और बच्चों के खेलने के लिए बनेगी जगह



**मुंबई :** मुंबई के ऐतिहासिक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन के रीडेवलपमेंट के लिए कॉन्ट्रेक्ट देने की बोलियां कुछ दिनों में ओपन की जाएंगी. ये जानकारी सेंट्रल रेलवे (सीआर) के एक अधिकारी ने दी है.अधिकारी ने कहा इससे पहले, एक रिक्वेस्ट के लिए कोटेशन (आरएफक्यू) जारी किया गया था जिसमें नौ बोलीदाताओं ने क्वालीफाई किया था. अधिकारी ने कहा, इसके बाद प्रस्तावों के लिए अनुरोध जारी किए गए थे. हालांकि, टेंडर प्रक्रिया में कुछ बदलावों ने अन्य बोलीदाताओं के लिए भी इसमें में भाग लेने का मार्ग प्रशस्त किया है. वहीं बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मुंबई के सीएसएमटी सहित तीन प्रमुख स्टेशनों के लिए 10,000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के पुनर्विकास प्रस्ताव को मंजूरी दी. बता दें कि सीएसएमटी का रीडेवलपमेंट रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) द्वारा पिछले डीबीएफओटी (डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ऑपरेट एंड ट्रांसफर) मॉडल के विपरीत एक हाइब्रिड वार्षिकी मॉडल पर किया जाएगा. पहले भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम (आरएसडीसी) द्वारा पुनर्विकास किया जाना था, लेकिन अब आरएलडीए को प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन अथॉरिटी बना दिया गया है.गौरतलब है कि सीएसएमटी देश के सबसे बिजी रेलवे स्टेशनों में से एक है. यहां रोज लगभग 16 लाख यात्री आते हैं. इंडियन एक्सप्रेस मे छपी रिपोर्ट के मुताबिक स्टेशन के रीडेवलपमेंट प्लान में एक विशाल रूफटॉप प्लाजा शामिल है जिसमें खुदरा, कैफेटेरिया और मनोरंजक सुविधाओं के लिए सभी यात्री सुविधाएं होंगी.

# पालक मंत्री हैं या स्पाइडरमैन: पटोले

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का सरकार पर हमला

**मुंबई :** अभी हॉल ही में शिंदे-फडणवीस सरकार ने जिलों के पालक मंत्रियों की नियुक्ति की है। खास बात यह है कि छह जिलों के लिए सिर्फ एक पालक मंत्री को नियुक्त किया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने सरकार के इस निर्णय पर चुटकी लेते हुए सवाल किया कि क्या वे पालक मंत्री हैं या स्पाइडरमैन? जो एक साथ छह जिलों की जिम्मेदारी संभाल सकता है। पटोले ने कहा कि राज्य सरकार के अंदर चल रहे विवाद का खामियाजा यहां के लोगों को भुगतना पड़ेगा। सरकार पहले ही स्वीकृत विकास कार्यों को स्थगित कर चुकी है, राज्य के कई जिलों में सड़कों का बुरा हाल है। सड़क पर गड्ढे हैं, या गड्ढों में सड़क हैं। इसका पता नहीं चल पा रहा है। पटोले ने कहा कि उन्होंने अमरावती, अकोला समेत




राज्य के कई जिलों का दौरा किया था। बारिश से किसानों को भारी नुकसान होने के बाद भी पंचनामा का काम अभी तक पूरा नहीं किया गया है। सोयाबीन, सब्जियां और बाग की फसलें बर्बाद हो गई है, लेकिन सरकार की तरफ से किसानों को अभी तक मदद नहीं मिली है। इससे साफ पता चलता है कि राज्य सरकार किसान विरोधी है।

पटोले ने कहा कि शाहू, फुले, आंबेडकर की धरती से संबंध रखने वाले राज्य के मुख्यमंत्री खुलेआम कहते हैं कि वे मोदी-शाह के मुरीद बन गए हैं। वहीं महाराष्ट्र से उद्योग और निवेश को गुजरात भेजा जा रहा है। उन्होंने पूछा है कि क्या महाराष्ट्र के दो मंत्री राज्य के उद्योग को गुजरात भेजने के लिए वहां चर्चा करने के लिए गए थे। पटोले ने राज्य सरकार से इसका जवाब मांगा है।

नाना पटोले ने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो पदयात्रा को लोगों से जबरदस्त प्रतिसाद मिल रहा है। इस पदयात्रा में महाराष्ट्र के जिले से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। वाम दलों, सामाजिक संगठनों ने भी इस मार्च को अपना समर्थन देने की घोषणा की है। हम भाजपा को छोड़ अन्य पार्टियों को भी इस पदयात्रा में बुलाने की कोशिश कर रहे हैं।

# सरकार किसानों को सोलर पम्प उपलब्ध करायेगी : उपमुख्यमंत्री



**मुंबई :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार किसानों को दो लाख सौर ऊर्जा संचालित फार्म पंप उपलब्ध करायेगी। यहां जारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ऊर्जा विभाग की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में फडणवीस ने राज्य के किसानों को दो लाख सौर ऊर्जा संचालित फार्म पंप उपलब्ध कराने और कृषि फीडरों को सोलराइज करने जैसे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

इस बैठक में महावितरण, महापरेशन, महानिर्मिति के साथ-साथ होल्डिंग कंपनी और बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की कुसुम योजना के तहत मेडा और महावितरण के लिए एक लाख सौर ऊर्जा संचालित कृषि पंप लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

# जेल में बंद कार्यकर्ता नवलखा का इलाज मुंबई के जसलोक अस्पताल में करायें: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को तलोजा जेल के अधीक्षक को निर्देश दिया कि वह एल्गार परिषद-माओवादी संपर्क केस से जुड़े मामले में तलोजा जेल में बंद कार्यकर्ता गौतम नवलखा को इलाज के लिए तुरंत मुंबई स्थित जसलोक अस्पताल में स्थानांतरित करें। पीठ ने कहा, ''पक्षकारों के वकील को सुनने के बाद हमारा विचार है कि चिकित्सकीय इलाज हासिल करना मौलिक अधिकार



है। हम निर्देश देते हैं कि याचिकाकर्ता को तुरंत गहन चिकित्सकीय जांच के लिए ले जाया जाये।'' पीठ ने कहा ''तलोजा जेल के अधीक्षक को हमने निर्देश दिया है कि याचिकाकर्ता को जसलोक अस्पताल ले जाया जाये ताकि उनकी जरूरी चिकित्सकीय जांच हो सके और उन्हें इलाज मिल सके।'' हालांकि, अदालत ने साफ कर दिया कि याचिकाकर्ता पुलिस हिरासत में रहेगा। नवलखा (70 साल) ने बंबई उच्च न्यायालय के 26 अप्रैल के उस आदेश के खिलाफ अपील की थी जिसमें उनके, घर पर ही नजरबंद किए जाने के अनुरोध को ठुकरा दिया गया था।

# उद्धव ठाकरे के बाद अब महाराष्ट्र में कांग्रेस को लगेगा तगड़ा झटका!

## विधायक जॉइन कर सकते हैं भाजपा

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की राजनीति में घमासान अभी भी जारी है। पहले एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे को चौंकाते हुए उनसे मुख्यमंत्री की कुर्सी छीन ली। इसके बाद संगठन स्तर पर भी लगातार चोट पहुंचा रहे हैं। वहीं, अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महाराष्ट्र में कांग्रेस को कमजोर करने के लिए बिसात बिछा रही है। इतना ही नहीं, चर्चा तो यह भी है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दिग्गज नेता एकनाथ खडसे भी बीजेपी का दामन थाम सकते हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र की राजनीति में इन दिनों एक नई चर्चा हो रही है। कहा जा रहा है कि जलगांव जिले में कांग्रेस विधायक शिरीष चौधरी कभी भी भाजपा में शामिल हो सकते हैं।



महाराष्ट्र में बीजेपी नेताओं के भाषणों के जरिए इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि और भी कई कांग्रेसी नेता बीजेपी के संपर्क में हैं। हालांकि, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले का दावा इसके ठीक विपरीत है। उनका कहना है कि बीजेपी के कुछ नेता कांग्रेस के संपर्क में हैं। इन दावों के बीच महाराष्ट्र की सियासत गरमा गई है। कहा जा रहा है कि बीजेपी ने कांग्रेस को झटका देने की तैयारी कर ली है। जलगांव जिले में भी रावेर से कांग्रेस विधायक शिरीष चौधरी के भाजपा में शामिल होने के साथ इसकी शुरूआत होगी। विधायक शिरीष चौधरी ने भी बीजेपी में शामिल होने की बात पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, ''पिछले कुछ दिनों से मुझे भाजपा के कई कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के फोन आ रहे हैं। लेकिन अभी ऐसी कोई स्थिति नहीं है कि मैं भाजपा में शामिल हो जाऊं।'' उन्होंने कहा कि हम कई वर्षों से कांग्रेस के विचारों के प्रति निष्ठा से काम कर रहे हैं। आगे उन्होंने कहा, ''यह एक अफवाह है। यह अफवाह भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ शुभचिंतकों द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भ्रम पैदा करने के लिए फैलाई जा रही है।

# केंद्र के बाद शिंदे सरकार ने पापुलर फ्रंट आफ इंडिया पर लिया एक्शन किया गैर कानूनी घोषित...

**महाराष्ट्र :** पापुलर फ्रंट आफ इंडिया पर केंद्र सरकार की कड़ी कार्रवाई के बाद, अब महाराष्ट्र की शिंदे सरकार ने ढक्क्ष और उसके सहयोगियों को गैरकानूनी संघ घोषित करने का आदेश जारी किया गया है। इससे पहले आज तमिलनाडु और केरल सरकार ने भी इसे गैर कानूनी घोषित किया था।



हालाँकि वहीं पापुलर फ्रंट आफ इंडिया से जुड़े कैंपस फ्रंट आफ इंडिया ने अपने ऊपर हुई कार्रवाई को अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक बताया है। उन्होंने कहा कि इस मामले को वह कोर्ट में चुनौती देंगे। उन्होंने आज इस बाबत ट्वीट किया, PFI भारत में सभी गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से रोक देगा। सभी आरोपों को अदालत में चुनौती भी दी जाएगी।

बता दें कि, बीते मंगलवार को ही गृहमंत्रालय ने एक गजट नोटिफिकेशन जारी कर पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया को अगले पांच साल के लिए बैन कर दिया है। इस नोटिफिकेशन के अनुसार, PFI के अलावा रिहैब इंडिया फाउंडेशन, कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया, ऑल इंडिया इमाम काउंसिल, नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ 'मन राइट्स ऑर्गनाइजेशन, नेशनल वुमंस फ्रंट, जूनियर फ्रंट, एम्पावर इंडिया फाउंडेशन, रिहैब फाउंडेशन, जैसे सहयोगी संगठनों पर भी अब बैन लगाया गया है। इसके साथ ही अब महाराष्ट्र सरकार ने भी इसे गैर कानूनी घोषित किया है।



# ट्रिपल आर फॉर्मूले से बदलेगी टैक्सेशन की रूपरेखा: निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आयकर अधिकारियों से आईटीआर फाइलिंग, रिफंड में तेजी लाने और करदाताओं की शिकायतें दूर करने पर ध्यान देने को कहा है। कर अधिकारियों को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि प्रत्यक्ष करों का संग्रह अप्रत्यक्ष करों से अधिक हो गया है। इससे इक्विटी में वृद्धि हुई है। उन्होंने आयकर विभाग के लिए तीन आर प्लान पर काम करने का आह्वान किया।

निर्मला सीतारमण ने कहा कि कर का बोझ ऐसे लोगों पर डाला जा रहा है जो अधिक भुगतान कर सकते हैं।दैनिक उपयोग की छोटी वस्तुओं पर कर लगाने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि फेसलेस असेसमेंट आने और प्रौद्योगिकी के उपयोग से कर अधिकारियों का डर कम हो गया है और करदाताओं को भी महसूस होने लगा है कि कर बिना किसी झंझट के एकत्र किए जा रहे हैं। वित्त मंत्री ने कर अधिकारियों से व्यवस्थित और बिना किसी समय के नुकसान के जल्दी से रिटर्न का आकलन और उसे प्रोसेस करने के लिए कहा।




## क्या है ट्रिपल आर

थ्री आर का मतलब है ह्द्द रिटर्न, रिफंड और रिड्रेशल ऑफ ग्रीवेंसेस या रिटर्न की त्वरित प्रक्रिया, त्वरित धनवापसी और शिकायत का निवारण। वित्त मंत्री ने कहा कि इस कदम से ग्राहकों का भरोसा और मजबूत होगा और वे टैक्स फाइलिंग को बोझ नहीं समझेंगे।
**आयकर विभाग की छवि बदलना जरूरी :** रिफंड जारी करने में विभाग के काम की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि रिफंड के अधिक कुशल निपटान से लोगों के बीच आईटी डिपार्टमेंट की छवि बदलेगी। शिकायत निवारण के संबंध में सीतारमण ने आयकर विभाग से जटिल मामलों को अदालत में भेजने के लिए एक दृष्टिकोण का पालन करने के लिए कहा। वित्तमंत्री ने कहा कि यदि आवश्यक हो तो सीबीडीटी को साल में एक सप्ताह के लिए ऐसे मामलों पर विचार करने के लिए बैठना होगा, ताकि लोगों को पता चले कि आप ऐसी चीजों के लिए कोशिश कर रहे हैं। हो सकता है कि तब भी ज्यादा बदलाव न हों, लेकिन कम से कम उनके लिए जिनकी शिकायतें दूर हुई हैं, यह एक बड़ी राहत होगी।
**बैंकों में जल्द भरी जाएंगी रिक्तियां :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से सभी योजनाओं में अनुसूचित जातियों (एससी) का कवरेज बढ़ाने का आह्वान किया। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों और अधिकारियों के साथ हुई बैठक में वित्त मंत्री ने बैंकों से सभी बैकलॉग वैकेंसीज को जल्द से जल्द और समयबद्ध तरीके से भरने का आग्रह किया।

# गेम 9:30, क्योंकि बिग बॉस अब खुद खेलेगा




मनोरंजन की दुनिया का बेताज बादशाह, सबसे लंबे समय तक चलने वाला और एक कल्ट रियलिटी शो, कलर्स का 'बिग बॉस' अपने नये जबरदस्त सीजन के साथ लौट आया है। इस बहुप्रतीक्षित रियलिटी शो ने पिछले १५ सालों में ह्यूमन केमेस्ट्री, ओलोचनाओं, गर्व, नफरत, प्यार, ड्रामा और हास्य के रंगों को दिखाया है और इन भावनाओं ने इसे उस मुकाम तक पहुंचाया है, जहां पर आज यह है। जबरदस्त कामयाबी, फैंडम और सोशल मीडिया ट्रेंड्स के साथ 'बिग बॉस' अब गेम को पूरी तरह से बदलने वाला है और १६वें सीजन में खुद बिग बॉस इस गेम को खेलने के लिए तैयार हैं। 'बिग बॉस' ने अब तक एक टास्कमास्टर, सपोर्टर, फिलॉसोफर और बेमिसाल एन्टरटेनर की भूमिका निभाई है। लेकिन अब पहली बार घर का मास्टर 'बिग बॉस' एक अनदेखे अवतार में खुद मैदान में उतरने जा रहा है और १५ सीजन्स के एक प्लेबुक के साथ प्रतिभागियों को चुनौती देते नजर आयेगा। १६वें सीजन में एक 'इंटरैक्टिव इंडिया' एपिसोड के साथ एक और बड़ी पहल होगी, जिसके माध्यम से दर्शकों को हर हफ्ते घर में रहने वाले प्रतिभागियों से जुड़ने और उनसे बातचीत करने का मौका मिलेगा। अपनी मेगास्टार एनर्जी के साथ एक बार फिर सलमान खान अपने पुराने रोल में नजर आयेंगे और इस शो को होस्ट करेंगे। एन्डेमोल शाइन इंडिया द्वारा निर्मित 'बिग बॉस सीजन १६' विद स्पेशल पार्टनर चिंग्स शेजवान चटनी एंड मेक-अप पार्टनर माइग्लैम का प्रीमियर १ अक्टूबर को रात ९:३० बजे सिर्फ कलर्स एवं वूट पर होगा।

नीना एलाविया जैपुरिया, हेड, हिन्दी मास एन्टरटेनमेंट एवं किड्स टीवी नेटवर्क, वायकॉम १८ ने कहा, बिग बॉस भारत का एक सबसे मशहूर रियलिटी शो है और बेमिसाल फैंटेसी का आनंद उठाता है। हमारे विविधतापूर्ण कंटेंट में से यह एक सबसे बहुप्रतीक्षित शो है, जो हमारे दर्शकों के लिए भरपूर मनोरंजन लेकर आता है। सभी प्लेटफॉर्म्स पर भागीदारी को बढ़ाते हुये, यह शो विज्ञापनदाताओं के लिए एक व्यापक कैनवास की पेशकश करता है, जहां वे अपने लक्षित ग्राहकों के साथ जुड़ सकते हैं। 'खतरों के खिलाड़ी' की अपार सफलता के बाद, हमारा लक्ष्य 'बिग बॉस' के एक बेमिसाल सीजन के साथ मनोरंजन के स्तर को ऊंचा बनाये रखना है। उन्होंने आगे कहा, हमारे स्पेशल पार्टनर चिंग्स शेजवान चटनी, मेक-अप पार्टनर माइग्लैम, टेस्ट पार्टनर प्रिया गोल्ड हंक और एसोसिएट पार्टनर्स के रूप में गार्नियर मेन एवं हर्शी किसेस का स्वागत करते हुये हमें बेहद खुशी हो रही है और हम एक और बेमिसाल सीजन की पेशकश करने के लिए उत्सुक हैं।

# जेपी ग्रीन्स, जेपी विशटाउन और जेपी ग्रीन स्पोर्ट्स सिटी... बढ़ सकती है हजारों होमबायर्स की मुश्किल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेपी ग्रुप के प्रोजेक्ट्स में फ्लैट्स बुक करने वालों की मुश्किल बढ़ सकती है। ग्रुप की एक और कंपनी इनसॉल्वेंसी में जा सकती है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने जेपी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के खिलाफ एनसीएलटी का दरवाजा खटखटाया है। इससे जेपी ग्रीन्स, जेपी विशटाउन और जेपी ग्रीन स्पोर्ट्स सिटी जैसे प्रोजेक्ट्स में फ्लैट्स बुक कराने वाले हजारों होमबायर्स की मुश्किल बढ़ सकती है। जयप्रकाश एसोसिएट्स पर 27 हजार करोड़ रुपये का कर्ज है। एसबीआई का कहना है कि कंपनी ने 6,893 करोड़ रुपये के कर्ज के भुगतान में डिफॉल्ट किया है। जेपी ग्रुप के पास ग्रेटर नोएडा में एफ1 ट्रैक के साथ-साथ कई होटल, गोल्फ कोर्स, सीमेंट प्लांट्स और कोल ब्लॉक्स भी हैं। लेकिन पिछले कुछ साल से उसकी वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है। ग्रुप की दो कंपनियां आंध्र सीमेंट और जेपी इन्फ्राटेक पहले ही इनसॉल्वेंसी से गुजर रही हैं। जेपी इन्फाटेक के खिलाफ पांच साल पहले इनसॉल्वेंसी प्रॉसीडिंग शुरू की गई थी और उसके होमबायर्स को अब भी फैसले का इंतजार है। यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने जयप्रकाश एसोसिएट्स की दी गई कुछ जमीनों की लीज कैंसल कर दी है। इसकी वजह यह रही कि कंपनी बकाये का भुगतान करने में नाकाम रही।




**क्यों हुई देरी:** अगस्त 2017 में केंद्र सरकार और आरबीआई ने इनसॉल्वेंसी एक्शन के लिए जिन 26 कंपनियों की पहचान की थी, उनमें जयप्रकाश एसोसिएट्स भी शामिल थी। इस कंपनी पर कई बैंकों का कर्ज है। लेकिन दूसरे बैंकों का कहना है कि इस देरी के लिए एसबीआई और आईसीआईसीआई बैंक जिम्मेदार हैं। हालांकि इस बारे में सितंबर 2018 में ही याचिका दाखिल कर दी गई थी। इस लोन को मार्च 2016 में ही एनपीए के तौर पर क्लासीफाई कर दिया गया था।

एसबीआई ने 6893 करोड़ रुपये के भुगतान में डिफॉल्ट की वजह से जयप्रकाश एसोसिएट्स के खिलाफ एनसीएलटी का दरवाजा खटखटाया है। बैंक ने भुवन मदन को अंतरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा है। जेपी ग्रुप के एक सीनियर अधिकारी ने टीओआई से कहा कि हम याचिका का जवाब देंगे। कंपनी बैंकों का बकाया क्लीयर करना चाहती है। हमने 40,000 करोड़ रुपये की एसेट्स बेची है और हमें उम्मीद है कि इसका समाधान हो जाएगा। मार्च, 2022 में खत्म हुए फाइनेंशियल ईयर में कंपनी को 1,200 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। कंपनी मैनेजमेंट का कहना है कि बैंकों ने 2017 में डेट रिजॉल्यूशन प्लान पर सहमति जताई थी लेकिन उन्होंने इसे लागू नहीं किया।

## तेल की कीमत में वृद्धि भारत की कमर तोड़ रही है : जयशंकर

**वाशिंगटन, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि 2,000 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति आय वाला भारत, रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण तेल की कीमतें बढ़ने को लेकर चिंतित है और यह ''हमारी कमर तोड़ रहा है।'' अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ बैठक के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में जयशंकर ने कहा कि विकासशील देशों के बीच इसे लेकर बहुत गहरी चिंता है कि उनकी ऊर्जा जरूरतें कैसे पूरी होगी। यूक्रेन युद्ध के बारे में उन्होंने कहा, ''हमने निजी, सार्वजनिक, गोपनीय और निरंतर रूप से यह रुख अपनाया है कि यह संघर्ष किसी के भी हित में नहीं है।

## गैस कीमतों में गिरावट के चलते अमेरिकी उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में लगातार दूसरे महीने गैस की कीमतों में गिरावट जारी रहने से उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ा है। कॉन्फ्रेंस बोर्ड ने मंगलवार को कहा कि उसका उपभोक्ता विश्वास सूचकांक सितंबर में बढ़कर 108 हो गया। अगस्त में यह 103.6 था। अमेरिकी परिवारों को ईंधन की कीमतों में वृद्धि भारी पड़ रही थी। उपभोक्ताओं के लिए मौजूदा कारोबारी और श्रम बाजार को मापने वाला सूचकांक भी सितंबर माह में फिर से बढ़कर 149.6 हो गया, जो पिछले महीने 145.3 था। डेटा प्रदाता फैक्टसेट के सर्वेक्षण में शामिल विश्लेषकों को उपभोक्ताओं के भरोसे में थोड़ी वृद्धि की उम्मीद की थी क्योंकि गैस की कीमतें पांच डॉलर प्रति गैलन के उच्चस्तर से नीचे आ गई हैं।

# तालिबान की चेतावनी! अफगानिस्तान के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप ना करें पाकिस्तान

**शहबाज शरीफ और बिलावल भुट्टो हद में रहें**

**तालिबान (एजेंसी)।**

हाल ही में अमेरिका यात्रा के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और बिलावल भुट्टो ने अपने पड़ोसी देश तालिबान पर टिप्पणी की थी। अब तालिबान सरकार ने पाकिस्तान पर निशाना साझते हुए जवाब दिया है। पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें सत्र में अफगानिस्तान में आतंकवादी समूहों की मौजूदगी का दावा किया था। इस पर अफगानिस्तान के राजनीतिक मामलों के उप विदेश मंत्री शेर मोहम्मद अब्बास स्टेनकजई ने पाकिस्तान से अफगानिस्तान के आंतरिक मुद्दों में हस्तक्षेप बंद करने का आह्वान किया। उन्होंने चेतावनी दी है कि अफगानिस्तान के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप ना करें पाकिस्तान।



तालिबान ने पाकिस्तान को दी चेतावनी

### अफगानिस्तान के आंतरिक मामलों में दखल देना बंद करे पाकिस्तान

अफगानिस्तान में आतंकवादी समूहों की उपस्थिति का दावा करने वाले पाकिस्तानी प्रधान मंत्री शाहबाज शरीफ की टिप्पणी का जिक्र करते हुए, स्टेनकजई ने कहा कि इस्लामिक अमीरात दावों से इनकार करता है और निंदा करता है और किसी को भी अफगानिस्तान के प्रति इस तरह के बयान देने की अनुमति नहीं देगा।

उन्होंने कहा हमने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के बयान की कड़ी निंदा की। हम किसी को भी इस्लामिक अमीरात के खिलाफ बोलने की इजाजत नहीं देते। अगर पाकिस्तान को आर्थिक समस्या है और उसे इंटरनेशनल मॉनिटरिंग फंडिंग की काली सूची में डाल दिया जाता है, तो कोई भी उन्हें पैसे देने के लिए कॉल नहीं करता है। यदि आपको (पाकिस्तान) ऋण नहीं दिया जाता है, तो यह आपकी समस्या है -किसी भी तरह से अपना रास्ता खोजें, लेकिन अफगानिस्तान के लोगों की गरिमा के बारे में बात न करें और केवल कुछ पैसे कमाने के लिए अफगानिस्तान को बदनाम न करें।

स्टेनकजई ने अफगान हवाई क्षेत्र में ड्रोन गतिविधि की आलोचना करते हुए कहा कि इस बात के सबूत हैं कि ये ड्रोन कहां स्थित हैं। उन्होंने अमेरिका पर दोहा समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। स्टेनकजई ने कहा कि 'सरकार समावेशी है' और किसी को भी अफगानिस्तान के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है।

# सैन्य उपकरणों की मरम्मत व कल-पुर्जों की आपूर्ति को लेकर हमें रूस के साथ कोई समस्या नहीं : जयशंकर



**वाशिंगटन। (एजेंसी)।**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में युद्ध के बाद से उसे सैन्य उपकरणों की मरम्मत व कल-पुर्जों की आपूर्ति को लेकर रूस के साथ काम करने में कोई कठिनाई पेश नहीं आई। जयशंकर ने अमेरिका के विदेश मंत्री एंथनी ब्लिंकन के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा जहां तक रूस से आने वाले सैन्य उपकरणों की बात है मेरी जानकारी में इस संबंध में हाल के महीनों में किसी विशेष समस्या का सामना नहीं करना पड़ा।

उन्होंने कहा हमें हमारे सैन्य उपकरण कहां से मिलते हैं, यह समस्या नहीं है, वास्तव में भू-राजनीतिक तनाव के कारण यह मुद्दा खड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया भर में संभावनाओं को देखता है। जयशंकर ने कहा हम प्रौद्योगिकी व क्षमता की गुणवत्ता, उन शर्तों को देखते हैं जिसके तहत विशेष उपकरण दिए जाते हैं और हम हमेशा उस विकल्प को चुनते हैं जो हमें लगता है कि हमारे राष्ट्रीय हित में है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 साल में भारत ने अमेरिका से भी काफी कुछ खरीदा है। मंत्री ने कहा उदाहरण के लिए विमान सी-17, सी-130, पी-8 या अपाचे हेलीकॉप्टर या चिनूक या होवित्ज़र, एम777 होवित्ज़र, साथ ही हमने फ्रांस से भी काफी कुछ लिया है जैसे राफेल विमान। हमने इज़राइल से भी काफी कुछ खरीदा है। हमारी अलग-अलग जगह से वस्तुएं लेने की नीति रही है। हमारा जोर इसी बात पर रहता है कि प्रतिस्पर्धी स्थिति में हम अपने देश के लिए बेहतरीन सौदा कैसे कर पाएं।

# बाइडेन प्रशासन का कहना है कि भारत और पाकिस्तान अलग-अलग तरीकों से अमेरिकी साझेदार हैं

**वाशिंगटन (एजेंसी)।**

बाइडन प्रशासन ने सोमवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों अलग-अलग तरह से अमेरिका के साझेदार हैं। बाइडन प्रशासन ने यह बात अमेरिका के दौरे पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर के उस बयान के एक दिन बाद कही है, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान को नवीनतम अमेरिकी एफ-16 सुरक्षा सहायता देने के फैसले को लेकर सवाल उठाए थे। जयशंकर ने अमेरिका के इस तर्क पर सवाल उठाया था कि एफ-16 लड़ाकू विमानों के रखरखाव से संबंधित पाकिस्तान को दिया जाने वाला पैकेज आतंकवाद से लड़ने के लिए है। जयशंकर ने कहा था कि हर कोई जानता है कि एफ-16 लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल कहां और किसके खिलाफ किया जाता है। भारतीय-अमेरिकियों के साथ बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, आप ये बातें कहकर किसी को मूर्ख नहीं बना रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम पाकिस्तान और भारत के साथ अपने संबंधों को एक नजरिए से नहीं देखते। दोनों अलग-अलग तरह से हमारे साझेदार हैं। उन्होंने कहा, हम दोनों को साझेदार के रूप में देखते हैं, क्योंकि कई मामलों में हमारे साझा मूल्य हैं। हमारे कई मामलों में साझा हित हैं और भारत के साथ हमारे संबंध अलग हैं। पाकिस्तान के साथ हमारे रिश्ते अपनी जगह हैं। उल्लेखनीय है कि इस महीने की शुरुआत में अमेरिका के राष्ट्रपति जो. बाइडन के प्रशासन ने पाकिस्तान को सैन्य सहायता देने पर रोक लगाने से संबंधित पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन के फैसले को बदलते हुए

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगे तमाम प्रतिबंधों के बावजूद बाज नहीं आ रहा उत्तर कोरिया, फिर किया बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण

**कोरिया (एजेंसी)।**

उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच का तनाव आज की घटना नहीं हैं बल्कि इसका एक लंबा इतिहास हैं। जहां उत्तर कोरिया में तानाशाही हैं, हथियारों की होड़ लगी रहती है, मानवीय अधिकारों का कोई मोल नहीं होता वहीं इसके विपरीत दक्षिण कोरिया लोकतंत्र में विश्वास रखता हैं। समय-समय पर एक ही भू भाग में रहने वाले अलग-अलग देशों के बीच वाद-विवाद देखा जाता हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तमाम प्रतिबंधों के बावजूद किम जोंग उन के शासन में उत्तर कोरिया लगातार समय समय पर बैलिस्टिक मिसाइल का परिक्षण करता रहता है।



हाल ही में उत्तर कोरिया ने फिर से बैलिस्टिक मिसाइल का परिक्षण किया जिसकी पुष्टि अब दक्षिण कोरिया ने की है। एक बयान में दक्षिण कोरिया ने कहा कि उत्तर कोरिया ने उसके पूर्वी जल क्षेत्र की ओर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी है। दक्षिण कोरिया ने दावा किया है कि उत्तर कोरिया ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की यात्रा से एक दिन पहले अपने पूर्वी जल क्षेत्र की ओर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी है। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ' ने कहा कि मिसाइल का प्रक्षेपण बुधवार को किया गया लेकिन इस संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं दी। इस सप्ताह उत्तर कोरिया द्वारा दागी गई यह दूसरी मिसाइल है। हैरिस को दक्षिण कोरिया की अपनी यात्रा के दौरान प्रतिद्वंद्वी कोरिया को अलग करने वाले विसैन्यीकृत क्षेत्र का दौरा करना है। अमेरिका और दक्षिण कोरियाई नौसेना के जहाजों के कोरियाई प्रायद्वीप के पूर्वी तट पर अभ्यास करने के बीच उत्तर कोरिया ने यह प्रक्षेपण किया है।

# रूस आलोचनाओं के बावजूद यूक्रेन के कब्जे वाले इलाकों के विलय को तैयार

**कीव। (एजेंसी)।**

रूस पड़ोसी देश यूक्रेन के उन हिस्सों को औपचारिक रूप से अपने क्षेत्र में मिलाना चाहता है जहां उसका सैन्य नियंत्रण है। खबरों के अनुसार, इन इलाकों में जनमत संग्रह में मॉस्को के शासन का समर्थन किया गया है। हालांकि जनमत संग्रह की व्यापक रूप से आलोचना हुई है और रूस पर अपने पड़ोसी देश पर हमले को लेकर अंतरराष्ट्रीय दबाव बना हुआ है। दक्षिण और पूर्वी यूक्रेन के रूस के कब्जे वाले चारों क्षेत्रों के मॉस्को समर्थक प्रशासन ने मंगलवार रात कहा कि उनके नागरिकों ने रूस द्वारा पांच दिन तक कराये गये जनमत संग्रह में रूस में शामिल होने के लिए मतदान किया है।

रूस के निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार, जापोरिज्जिया में 93 प्रतिशत मतदान विलय के समर्थन में हुआ, वहीं खेरसॉन में 87 प्रतिशत, लुहांस्क में 98 प्रतिशत और दोनेत्स्क में 99 प्रतिशत लोगों ने इन हिस्सों के रूस में विलय का समर्थन किया। इन कब्जे वाले क्षेत्रों में रूसी अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि वे राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से इन इलाकों को रूस में मिलाने को कहेंगे। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि प्रशासनिक प्रक्रिया किस दिशा में बढ़ेगी। हालांकि, पश्चिमी देशों ने जनमत संग्रह को खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि यूक्रेन पर 24 फरवरी को शुरू हुए रूस के हमले को वैधता प्रदान करने की कोशिश में मॉस्को यह निरर्थक कवायद कर रहा है। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसफ बोरेल ने बुधवार को जनमत संग्रह को अवैध करार दिया। कीव में यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने जनमत संग्रह पर निशाना साधते हुए इसे दुष्प्रचार का नाटक करार दिया।

आलोचनाओं के बीच क्रेमलिन पर कोई असर पड़ता नहीं दिखा। बहरहाल, उसके प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस बहुत कम समय के भीतर पूर्वी दोनेत्स्क क्षेत्र से यूक्रेन के बलों को बाहर करना चाहता है जहां मॉस्को के सैनिकों और अलगाववादी तत्वों ने क्षेत्र के करीब 60 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा जमा रखा है।

यूरोपीय संघ (ईयू) ने रूस से जर्मनी के बीच दो भूमिगत प्राकृतिक गैस पाइपलाइन को मंगलवार को नुकसान पहुंचने की खबरों पर भी नाराजगी प्रकट



की और यूरोप के ऊर्जा नेटवर्क पर किसी भी तरह के हमले की स्थिति में प्रतिरोधी कार्रवाई की चेतावनी दी। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने बुधवार को कहा कि समस्त उपलब्ध सूचनाएं इस ओर इशारा करती हैं कि तेल रिसाव जानबूझकर की गयी गड़बड़ी का परिणाम है, हालांकि अभी तक इसे अंजाम देने वालों की पहचान नहीं हुई है।





# 90 के दशक में फिल्मों के सेट पर केवल मेल एक्टर्स की चलती थी, ओटीटी पर है आजादी ही आजादी

एक्ट्रेस जूही चावला इंडस्ट्री में काफी सालों से हैं। उन्होंने अलग-अलग दशकों में काम किया है। एक्ट्रेस के पास सालों का एक्सपीरिएंस उन्हें बॉलीवुड में काफी कुछ दिखाता है। वो लगभग हर वो बात जानती हैं, जो शायद किसी एरा की एक्ट्रेस को पता हो। जूही ने हाल ही में हश हश के साथ अपना डिजिटल डेब्यू किया। एक्ट्रेस ने बताया है कि कैसे 90 के दशक में फिल्मों के सेट पर एक्टर्स का दबदबा था और केवल उनकी ही चलती थी। एक्ट्रेस के मुताबिक, 90 के दशक में पूरे सेट पर मेल एक्टर्स का ही दबदबा रहता था और शायद ही दो से तीन फीमेल एक्ट्रेसेस होंगी, उनकी हेयर स्टाइलिस्ट और मां या कोई असिस्टेंट होंगी। हालांकि, आज इंडस्ट्री में 50 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं।

## डिजीटल में काम करना अनोखा

जूही ने आगे बताया कि हश हश पर काम करना एक जबरदस्त अनुभव था क्योंकि उन्हें निर्देशक तनुजा चंद्रा के साथ बातचीत करने की पूरी आजादी थी। उन्होंने सचमुच उन्हें परेशान किया क्योंकि वह अपने सीन के बारे में हर छोटी जानकारी जानना चाहती थीं। जूही ने बताया कि वह नहीं जानतीं कि क्या वह एक मेल डायरेक्टर के साथ इसे इतनी आसानी से कर पातीं।

## जूही चावला की बातें जोरदार

ओटीटी स्पेस पर राज करने वाली एक्ट्रेसेस के बारे में बात करते हुए जूही ने कहा कि लोग एक्ट्रेसेस को चैलेंजिंग रोल्स में देखना चाहते हैं और फिल्ममेकर्स उन्हें भी लेने के लिए तैयार हैं। उनके अनुसार, एक एक्टर होने के नाते यह एक अद्भुत पल है। ओटीटी पर जिस तरह की कहानियां बताई जा रही हैं, उसकी वजह से किसी तरह की बाधा नहीं है।'

उन्होंने आगे बताया, 'लोग बेहतर कॉन्टेंट देखना चाह रहे हैं। औरतों के बारे में कई कहानियां बनाई जा रही हैं। इसलिए, फीमेल एक्टर्स के लिए बहुत सारे अच्छे रोल्स हैं।' हश हश में सोहा अली खान, आयशा जुल्का, शाहाना गोस्वामी, कृतिका कामरा और करिश्मा तन्ना ने भी काम किया है।

# पार्मा लेडीज ओपन में मारिया सक्कारी और स्टीफेंस ने जीत दर्ज की




**पार्मा (एजेंसी)।** शीर्ष वरीयता प्राप्त मारिया सक्कारी ने यूक्रेन की कैटरीना बेंडल को 6.7, 6.2, 6.3 से हराकर पार्मा लेडीज ओपन टेनिस के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। सक्कारी को लाल क्लेकोर्ट के इस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड मिला है। वह अमरीकी ओपन के दूसरे दौर में हारने के बाद पहला टूर्नामेंट खेल रही हैं। अमरीकी ओपन 2017 चैम्पियन स्लोएने स्टीफेंस ने 121वीं रैंकिंग वाली मैगडालीना फ्रेंच को 3.6, 6.3, 6.4 से हराया जबकि छठी वरीयता प्राप्त अना बोगडेन ने लौरा पिगोसी को 6.1, 6.2 से शिकस्त दी। अन्ना कैरोलीना ने रेका लुका जानी को 6.2, 6.4 से हराया।

# नेहा कक्कड़ के बचाव में उतरीं धनश्री वर्मा

बॉलीवुड की फेमस सिंगर नेहा कक्कड़ के नए गाने ओ सजना को लेकर अभी चर्चा जारी है। अब नेहा के म्यूजिक वीडियो में नजर आने वाले धनश्री वर्मा और प्रियांक शर्मा ने इस मामले को लेकर अपना रिएक्शन दिया है। उन्होंने नेहा के गाने को ऑरिजनल से ज्यादा बेहतर बताया है। ओ सजना गाना मैंने पायल है छनकाई गाने का रीमेक है, जिसे फाल्गुनी पाठक ने 23 साल पहले 90 के दशक में गाया था। नेहा के गाने को सुनने के बाद यूजर्स भड़क गए थे। उन्होंने सिंगर को नसीहत दी थी कि मैंने पायल है छनकाई गाने से उनकी यादें जुड़ी हुई हैं और इस तरह का घटिया रीमेक बनाकर उनकी यादों को बर्बाद न करें। इसके बाद नेहा ने हेटर्स को करारा जवाब दिया था। फाल्गुनी संग उनकी बिना नाम लिए जुबानी जंग भी छिड़ गई। अब धनश्री और प्रियांक भी इसमें शामिल हो गए हैं।

धनश्री वर्मा ने इंटरव्यू के दौरान कहा, हम सभी को ये गाना बहुत पसंद है। हम इस गाने को सुनते हुए बड़े हुए हैं। हम अभी भी इस गाने को हर साल सुनते हैं। जब हमें पता चला कि इसे रीक्रिएट किया जा रहा है तो हम दोनों बहुत एक्साइटेड हो गए, क्योंकि हमें गाना पता है। सभी को पसंद है और अगर आप इसे फिर से बनाएंगे तो इसे और भी पसंद किया जाएगा। जिस तरह से हमारे कंपोजर तनिष्क (बागची), नेहा, और जानी, इन सभी लोगों ने मिलकर इसे और भी बेहतर बनाया है। उन्होंने जो कुछ भी किया, उसे पूरी तरह से जस्टिफाई किया है।



# ऋषभ पंत को वसीम जाफर ने पढ़ाया पाठ, बताया कैसे लगाएं ताबड़तोड़ शॉट्स

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** ऐसा माना जा रहा है कि टी20 वर्ल्ड कप 2022 से पहले अपनी आखिरी टी20 इंटरनेशनल सीरीज में भारतीय टीम ऋषभ पंत को प्लेइंग [illegible] में मौका देगी। यह सीरीज पंत के लिए बहुत अहम साबित हो सकती है क्योंकि इससे समझ आएगा कि टी20 वर्ल्ड कप के प्लेइंग इलेवन के लिए क्या वह अपनी दावेदारी मजबूत कर पाते हैं या



नहीं। टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर वसीम जाफर ने बताया है कि पंत को किन एरिया में सुधार करने की जरूरत है। ऋषभ पंत को लेकर वसीम जाफर ने ईएसपीएन क्रिकइंफो पर कहा, मुझे ऐसा लगता है कि शायद थोड़ा सा मिडिल ऑफ स्टंप का गार्ड लें और थोड़ा ओपन होकर खड़े हो जाएं, क्योंकि वह लेग साइड पर शॉट खेलना पसंद करते हैं और दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज भी अपना होमवर्क करके आए होंगे। क्योंकि पिछली सीरीज में भी वह काफी सफल रहे थे क्योंकि वह गेंद में ज्यादा गति नहीं देते और आउट साइड ऑफ स्टंप डालते हैं और वह ऋषभ पंत का स्ट्रॉन्ग प्वॉइंट नहीं है और मुझे लगता है कि यहां पर उन्हें काम करना होगा। जाफर ने आगे कहा, टीमें पंत को टारगेट करती हैं और मुझे लगता है कि वह एक चीज कर सकते हैं कि थोड़ा मिडिल ऑफ स्टंप पर खड़े होकर और थोड़ा ओपन होकर खड़े हों, जिससे जो भी गेंद स्टंप पर मिले, जो कि उनका फेवरेट एरिया है और अगर बाहर मिलती है, तो उन्हें ऑफ साइड का एरिया एक्सेस करना होगा।

# मैं उन लोगों से अलग हो जाती हूं जो मेरे आत्मसम्मान को तोड़ने की कोशिश करते हैं

हाल के दिनों में वन्यजीव फोटोग्राफर बनीं अभिनेत्री सदा ने कहा है कि वह जीवन में अपनी गरिमा और आत्मसम्मान से समझौता नहीं कर सकती, चाहे कुछ भी हो और वह खुद को ऐसे लोगों से काट लेती है जो उनके आत्मसम्मान को तोड़ने की कोशिश करते हैं। इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री ने अपने हालिया साक्षात्कार से एक मीडिया आउटलेट को एक क्लिप पोस्ट किया, और लिखा, सीधे दिल से एक सवाल का जवाब, वो सवाल जो एक वेब सीरीज के प्रचार के लिए एक साक्षात्कार के लिए बिल्कुल अपेक्षित नहीं है। खुद की परवाह करना, स्वार्थी नहीं होना है जैसा कि ज्यादातर लोग चाहते हैं कि आप विश्वास करें। जो आपसे उम्मीद करते हैं कि आप उन्हें अपने आत्म सम्मान या खुशी से ऊपर रखेंगे, वे वास्तव में स्वार्थी हैं। वीडियो क्लिप में, अभिनेत्री से सवाल पूछा जाता है, जब लोग आपके आत्मसम्मान को तोड़ने की कोशिश करते हैं? सदा ने जवाब दिया, मैं उन से अलग हो जाती हूं। मेरे लिए, मेरा आत्म-सम्मान, मेरी गरिमा, मेरा गौरव यहां (ऊपर की ओर इशारा करते हुए) से आता है और मैं अपने जीवन के उस पहलू से कोई समझौता नहीं कर सकती, चाहे कोई भी हो। अगर कोई छेड़छाड़ करने की कोशिश भी करता है, थोड़ा सा भी, मैं उसे पूरी तरह से डिस्कनेक्ट कर देती हूं।



# आयुष्मान खुराना की आवाज में है डॉक्टर जी का ओ स्वीटी स्वीटी सॉन्ग

बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना सभी के लिए एक सरप्राइज लेकर आए हैं, दरअसल अभिनेता ने अपनी आने वाली फिल्म डॉक्टर जी से ओ स्वीटी स्वीटी गाने का एक झलक रिलीज किया है, जिसकी खास बात यह है कि उसे खुद आयुष्मान ने गाया है। यह गाना निश्चित रूप से आपके दिलों को पिघला देने वाला है और आपको पूरे गाने को देखने के लिए उत्साहित करने वाला है।

ओ स्वीटी स्वीटी राज शेखर के बोल पर अमित त्रिवेदी की एक दिल छू लेने वाली रचना है। जिसमें आयुष्मान की आवाज ने जो जादू पैदा किया है, उसे जोड़ते हुए, गीत भी अपने सौंदर्य और न्यूनतर सेट-अप के साथ एक विजुअल ट्रीट बनकर सामने आया है, जो संगीत प्रेमियों को एक लाइव प्रदर्शन का एहसास देता है। चूंकि गीत असल में अभिनेता के दिल के करीब है, इसलिए वह इसे जल्द से जल्द दर्शकों के सामने लाने के लिए बहुत उत्साहित हैं। इस तरह से टीम डॉक्टर जी एंड जंगली पिक्चर्स ने गाने के स्निपेट को जारी करने और दर्शकों को उत्साहित करने का फैसला किया है।

# सलाद खाते समय न करें ये गलती



वेट लॉस की इच्छा रखने वाले लोग सलाद खाने की अहमीयत बखूबी जानते हैं। जी हां, खाना खाने से आधा घंटा पहले अगर एक प्लेट सलाद खा लिया जाए तो भूख कम लगती है और व्यक्ति का वजन भी अधिक नही बढ़ता है। सलाद में मौजूद पोषक तत्व हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। लेकिन कई बार अनजाने में सलाद खाते समय स्वाद के चक्कर में पड़कर कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं जिससे सलाद में मौजूद पोषक तत्व हमारे शरीर को पूर्ण रूप से नहीं मिल पाते हैं। आइए जानते हैं ऐसी ही कुछ गलतियों के बारे में।

### फ्रूट सलाद रात को न खाएं

अगर आप रात के समय फ्रूट सलाद खाते हैं, तो यह आदत आज ही छोड़ दें। फ्रूट सलाद खाने का सबसे सही समय दिन का होता है। इसके अलावा खाना खाने के बाद भी हमें फ्रूट सलाद का सेवन नहीं करना चाहिए। ऐसी स्थिति में आपका शुगर लेवल बढ़ सकता है।

### टमाटर खीरा में दही न डालें

हम में से कई लोग टमाटर और खीरे का रायता बनकर खाते हैं। आप भी अगर टमाटर और खीरे में दही डालकर खाते हैं, तो यह आदत आज ही छोड़ दें। टमाटर और खीरे का दही के साथ कॉम्बिनेशन आपके पाचन संतुलन को बिगाड़ सकता है, जिसकी वजह से आपको एसिड की शिकायत हो सकती है।

### खीरा टमाटर एक साथ न खाएं

खीरा और टमाटर स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छा माना जाता है। लेकिन इन दोनों का कॉम्बिनेशन स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं माना जाता है। एक साथ खीरा-टमाटर खाने से पाचन तंत्र पर बुरा असर पड़ता है। इसकी वजह से आपको पेट में गैस, कुपच, पेट दर्द, पेट फूलना और थकान जैसी शिकायत हो सकती है।

### न करें चीज और मियोनीज का इस्तेमाल

कई लोग सलाद की ड्रेसिंग करने के लिए चीज और मियोनीज का इस्तेमाल करते हैं। एक्सपर्ट की मानें तो ये चीजें सलाद में डालने से उसके पोषक तत्व कम हो जाते हैं।

### नमक और चाट मसाला न डालें

कई लोग सलाद का स्वाद बढ़ाने के लिए उसमें चाट मसाला और नमक जैसी चीजों को मिलाकर खाते हैं। लेकिन ऐसा करने से सलाद में मौजूद पोषक तत्व नष्ट हो सकते हैं। सलाद को आप जितना सिंपल रखेंगे, वह उतना ही आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होगा।

# बुरी संगत में पड़ गया है आपका बच्चा, तो अपनाएं यह तरीका

कहते हैं कि बच्चों को समझाना सबसे मुश्किल काम है। यह तब और भी मुश्किल हो जाता है, जब बच्चे टीनएज में होते हैं। यह टाइम पेरेंट के लिए भी बहुत कंफ्यूजिंग होता है, क्योंकि उन्हें ध्यान रखने और नजर रखने के बीच एक बैलेंस बनाकर चलना होता है। इस बात को टीनएज बच्चों के पेरेंट अच्छी तरह समझ सकते हैं। कई बार ऐसा होता है कि हम बच्चों की मेंटल हेल्थ को अच्छा रखने के लिए उन्हें अपनी मर्जी से जीने देते हैं लेकिन कभी-कभी ये बात बच्चों के लिए सही साबित नहीं होती। कई लोग बच्चों को मिसगाइड कर देते हैं, जिससे बच्चे गलत डायरेक्शन में जाने लगते हैं। फ्रीडम के नाम पर बच्चे अनुशासन खो देते हैं और मनमानी करने लगते हैं। एक पेरेंट होने के नाते आप भी अपने बच्चे को संभाल सकते हैं। आपका बच्चा अगर गलत संगत में पड़ गया है, तो कुछ ऐसे तरीके हैं, जो आपकी हेल्प कर सकते हैं।

### बच्चे से बात करें

सबसे पहले तो बच्चे पर गुस्सा करने की बजाय बच्चे से आराम से बात करें और उससे पूछें कि वह ऐसी एक्टिविटी क्यों कर रहा है? आपको कुछ भी कहने से पहले बच्चे की बातों को सुनना चाहिए। जिससे कि बच्चा बिना डरे सच बोले।

### मारना-पीटना सॉल्यूशन नहीं

बच्चे को बिल्कुल भी वायलेंस से ट्रीट न करें। ऐसा करने से बच्चे के मन में गुस्सा भरेगा और वह उसी काम को करने का मन बना लेगा, जिससे कि उसे मना किया जा रहा है इसलिए आपको बच्चे से आराम से बात करनी है बिना गुस्से के।



### कोई किस्सा सुनाएं

बच्चों से बात करने का यह तरीका भी हो सकता है। आप उसे कोई बुरी संगत के रिजल्ट वाला किस्सा भी सुना सकते हैं। उन्हें बताएं कि वक्त के साथ दुनिया कितनी तेजी से बदली है, ऐसे में उन्हें लोगों के उद्देश्यों को समझना बहुत जरूरी है जिससे वे सही-गलत में फर्क कर सके।

### कहीं बाहर घुमाने ले जाएं

अक्सर घर के माहौल में बच्चा घुटन महसूस करने लग जाता है। ऐसे में आप बच्चे को एंटरटेन करने और क्वालिटी टाइम बिताने के लिए बाहर भी जा सकते हैं। इस दौरान बच्चे के फ्रेंड की तरह बात करें। बच्चों को बातों-बातों में समझाने की कोशिश करें।

### एक्टिविटी क्लास में डालें

आप बच्चे की एनर्जी को सही दिशा में लगा सकते हैं। पढ़ाई के अलावा बच्चे को किसी हॉबी या एक्टिविटी क्लास में डालें। इससे बच्चे की स्किल्स भी सुधर जाएगी और बच्चा अपना टाइम भी खराब नहीं करेगा। उसे देखकर बाकी फ्रेंड्स भी क्लास जॉइन कर सकते हैं।

# बिना ओवन के बनाएं गार्लिक ब्रेड



### बनाने के लिए सामग्री-

1 कप मैदा, 1 टी स्पून चीनी, 1 टी स्पून यीस्ट, स्वादानुसार नमक, 2 टेबल स्पून ओरिगैनो, 1 टी स्पून गार्लिक पाउडर, 2 टेबल स्पून चिली फ्लेक्स, 2 टेबल स्पून मक्खन, 1/2 कप चीज, कद्दूकस, 1/2 कप कॉर्न उबले हुए, 2 टेबल स्पून तेल

### गार्लिक ब्रेड बनाने की विधि-

बिना ओवन गार्लिक ब्रेड बनाने के लिए सबसे पहले एक चौथाई कप गुनगुने पानी में सबसे पहले चीनी घोलकर उसमें यीस्ट डालकर कुछ देर अलग रख दें। अब एक बड़े बाउल में मैदा लें, इसमें नमक, गार्लिक पाउडर और ओरिगैनो डालकर मिक्स करें। इतनी देर में यीस्ट फूलकर तैयार हो जाएगा। अब इसे मैदे में डालकर मिक्स करते हुए नरम आटा गूंथ लें। आटे पर थोड़ा तेल डालें और एक बार फिर से गूंथकर एक तरफ रख दें। 15 मिनट में मैदा फूल जाएगा, आप अपने हाथ तेल से चिकने करके आटे को दोबारा गूंथें। अब मैदे की लोई बनाकर सूखा मैदा छिड़कर गोलाकार में बेल लें। अब एक साइड में चीज और उबले हुए कॉर्न डालें और किनारे पर तेल लगाते हुए दूसरी तरफ को फोल्ड कर दें। इस पर ढेर सारा मक्खन ब्रश की मदद से लगाएं। इस पर ओरिगैनो, चिली फ्लेक्स और गार्लिक पाउडर छिड़कर हल्के कट लगा दें। गैस चालू करें उस पर कढ़ाही रखें। कढ़ाही में नमक डालकर उसे गरम कर लें, इसके बीच में एक कटोरी या स्टैंड रखें। बेकिंग ट्रे पर तैयार गार्लिक ब्रेड को रखकर बेक होने के लिए कड़ाही में रखे। कढ़ाही में बेकिंग ट्रे रखने के बाद उस पर ढक्कन लगाकर 15 मिनट तक बेक होने दें। इसके बाद बेकिंग ट्रे को बाहर निकालें और स्लाइस करके सर्व करें।

# विदेशी भाषा का हिंदी अर्थ बताएगा यह ऐप

हिंदी दिवस के अवसर पर हम आपको एक ऐसी अनोखी तकनीक के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसकी मदद से आप किसी भी विदेशी भाषा या फिर कहें कि हिंदी को छोड़कर दूसरी किसी भी भाषा का अर्थ हिंदी में आसानी समझ सकते हैं। इसके लिए ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं है। किसी भी शब्द का अर्थ समझने के लिए सिर्फ स्मार्टफोन का कैमरा ओपेन करना होगा। दरअसल, एंड्रॉयड स्मार्टफोन के लिए गूगल लेंस नाम का ऐप मौजूद है, जो यूजर्स को यूजर्स को कई फीचर्स देने का काम करता है। इस ऐप की मदद से आसानी से बगैर टाइप किए ट्रांसलेट किया जा सकता है। आज हम आपको इस फीचर्स को इस्तेमाल करने का तरीका बताने जा रहे हैं।



### अनजान भाषा का अर्थ हिंदी में समझने के लिए ये ऐप उपयोगी

एंड्रॉयड स्मार्टफोन में गूगल लेंस प्री इंस्टॉल आता है, लेकिन उसके बाद भी आपको यह ऐप नहीं मिलता है, तो उसके लिए गूगल प्ले स्टोर पर जाएं। इसके बाद सर्च बार Google Lens ऐप को इंस्टॉल कर लें।

### क्या है पूरा प्रोसेस

इसके बाद गूगल लेंस ऐप को ओपेन करें। इसके बाद नीचे की तरफ दिए गए कुछ विकल्प में से ट्रांसलेट के विकल्प को क्लिक करें। इसके बाद जिस शब्द को ट्रांसलेट करना चाहते हैं, उस शब्द को कैमरे की मदद से देखें, अब स्क्रीन पर उसका हिंदी अनुवाद नजर आने लगेगा। अगर हिंदी अनुवाद नहीं आ रहा है तो ऊपर नजर आ रहे विकल्प में से दाईं तरफ वाले ऑप्शन में हिंदी को चुनना होगा।

### गूगल लेंस में हैं ढेरों फीचर्स

गूगल लेंस ऐप में ढेरों फीचर्स मौजूद हैं, जिनकी मदद से यूजर्स क्यूआर कोड स्कैन करने के अलावा फोटो में नजर आ रहे कंटेंट को बगैर टाइप किए ही कॉपी किया जा सकता है। साथ ही इसमें शॉपिंग आइटम आदि में भी मदद करता है।

### इसमें है होमवर्क का विकल्प

गूगल लेंस के अंदर एक होमवर्क का विकल्प है, जिसे ओपेन करने के बाद वह पिक्चर क्लिक करके उसका जवाब खोजने में मदद करता है। ऐसे में यह इंटरनेट पर मौजूद रिजल्ट को विकल्प में दिखाया है।

# PFI ने बनाई थी 2047 तक भारत को इस्लामिक देश बनाने की योजना

## महाराष्ट्र एटीएस चीफ का बड़ा खुलासा...





**मुंबई** : महाराष्ट्र एटीएस चीफ विनीत अग्रवाल ने कहा है कि इस्लामिक संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पर बैन लगाने से पहले छापेमारी की गई. प्रतिबंध के बाद संगठन PFI को भंग कर दिया गया है. अब, उन्हें कानूनी मंच को छोड़कर, किसी भी मंच पर फिर से इकट्ठा होने या विरोध करने का कोई अधिकार नहीं है. हम उनके डेटा को फिर से प्राप्त करने के लिए उपकरणों का उपयोग कर रहे हैं. उन्होंने लोगों को घृणा अपराध करने के लिए प्रेरित करके 2047 तक इस्लामिक देश बनाने की योजना बनाई थी.

महाराष्ट्र एटीएस चीफ विनीत अग्रवाल ने कहा है कि PFI टारगेट किलिंग की तैयारी में था, इनका काम था टारगेट को पहचानना और उसे खत्म कर देना. हमारी कार्रवाई जारी है और हम उनके अन्य खातों को भी फ्रीज कर देंगे. इससे पहले PFI के खिलाफ 5 एफआईआर दर्ज हुई थीं जिनके आधार पर नेशनल इनवेस्टीगेशन एजेंसी ने छापा मारते हुए 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर लिया था. निजामाबाद की जो एफआईआर दर्ज हुई है उसमें इस बात का जिक्र है कि पीएफआई सशस्त्र ट्रेनिंग अपने काडरों को वहां देती थी. यही एनआईए का देशभर में कार्रवाई करने के लिए आधार बनी. PFI टेरर फंडिंग, ट्रेनिंग कैंप संचालित कर रहा था जिसका उद्देश्य कट्टरता फैलाना है. वह युवाओं को संगठन से जोड़ रहा था.

एटीएस का कहना है कि PFI लोगों के मन में डर पैदा कर रहा था और संगठन में शामिल लोगों को इस बात के लिए राजी कर रहा था कि वे सब भारत में असुरक्षित हैं और ऐसे में भारत को तुरंत इस्लामिक स्टेट बनाना होगा. इस संबंध में एक रिपोर्ट महाराष्ट्र के गृह मंत्री और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस को सौंपी गई है. इसमें बताया गया है कि छापेमारी के दौरान PFI से जुड़े लोगों के ठिकानों से इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और दस्तावेज मिले हैं. इसके सदस्यों के पाकिस्तान से कनेक्शन की बात भी सामने आई है. PFI लोगों को बार-बार मीटिंग के बहाने बुलाकर यह बात कहता था कि डर को समाप्त करना होगा और इसके लिए हथियार ही उठाने होंगे.

# शादी का झांसा देकर मुंबई ले गया प्रेमी...

## 2 लाख रुपये में कर दिया अस्मत का सौदा

**यूपी** : यूपी में लव, सेक्स और धोखा देने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां पर युवती ने प्रेमी पर शादी का झांसा देकर रेप करने और मुंबई ले जाकर अस्मत का सौदा करने का आरोप लगाया है. प्रेमी उसे मुंबई घुमाने के नाम पर ले गया और वहां जाकर उसे 2 लाख रुपये में बेच दिया. इसके बाद युवती किसी तरह जान बचाकर वहां से वापस लौटी और उसने ये सारी बातें अपने घरवालों को बताई तो वो भी दंग रह गए.

ये मामला बस्ती जिले के पैकोलिया थाना क्षेत्र में बड़ेरिया कुंवर गांव का है. पीड़िता अपनी बुआ के घर रहती थी. इसी बीच गांव के रहने वाले अनिल से उसका प्रेम प्रसंग चलने लगा, युवती का कहना है कि आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर कई बार रेप किया. वो जब भी शादी की बात कहती थी तो वो उसे नजर अंदाज कर देता था. इस दौरान पीड़िता गर्भवती भी हो गई. ये बात जब प्रेमी




के घरवालों को पता चली तो उन्होंने सुलह की बात की और लड़के से शादी करने के बदले उसका अबॉर्शन करवा दिया.

**मुंबई ले जाकर 2 लाख रुपये में बेचा**

पीड़िता ने जब फिर से उस पर शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने कहा कि पहले मुंबई घूमकर आते हैं फिर शादी करेंगे लेकिन उसके दिमाग में तो कुछ और ही चल रहा था. वो उसे मुंबई ले गया और बाजार में दो लाख रुपये में उसे बेच दिया. पीड़िता को जब इस बात का एहसास हुआ कि उसका सौदा हो गया तो वो किसी तरह जान बचाकर वहां से भागकर बस्ती आ गई. उसने पूरी बात अपनी बुआ को बताई. जिसके बाद बुआ के घरवाले पुलिस अधीक्षक से मिलने पहुंचे और उन्होंने न्याय की गुहार लगाई.

**पीड़िता ने बताया मुंबई में क्या हुआ था**

पीड़िता का कहना है कि जब वो मुंबई गई तो शुरूआती 10-15 दिन तो उसने मुझे ठीक से रखा. इसके बाद जुहू-चौपाटी घुमाने ले गया और मुझसे कहा कि तुम यहीं रुको मैं अभी आ रहा हूं और वो नहीं आया. इसके बाद मेरे पास एक लड़की और एक लड़का आए और कहा कि चलो मेरे साथ. मैंने पूछा कहां, तो उसने कहा कि मैंने तुझे 2 लाख रुपये में खरीद लिया है. इसके बाद मैं वहां से किसी तरह भागकर वापस आई हूं.

## नासिक में कम हुआ स्वाइन फ्लू का तांडव




**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र के नाशिक जिले से एक अच्छी खबर सामने आई हैं। इस महीने में स्वाइन फ्लू का तांडव कम हुआ तो डेंगू का प्रकोप एक बार फिर से बढ़ गया है। डेंगू के साथ नासिक में वायरल फीवर के मरीजों की संख्या भी वृद्धि दर्ज की गई है। बारिश का प्रतिशत कम हुआ है, लेकिन धुआ फवारणी का काम दस्तावेज तक ही सीमित है। इसके चलते सितंबर महीने में डेंगू संदिग्ध मरीजों का आंकड़ा 500 तक पहुंच गया है। इसमें से 118 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

# उद्धव ठाकरे का BJP पर निशाना

## भगवा झंडा सिर्फ हाथों में नहीं, दिल में होना चाहिए

**महाराष्ट्र** : शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को बीजेपी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट पर निशाना साधा. पूर्व सीएम ठाकरे ने बीजेपी और शिंदे गुट पर हमला करते हुए कहा कि भगवा झंडा सिर्फ किसी के हाथ में नहीं बल्कि दिल में होना चाहिए. शिवसेना प्रमुख का यह बयान इसलिए आया है क्योंकि बीजेपी और शिंदे गुट अक्सर ठाकरे पर सत्ता के लिए कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से हाथ मिलाकर हिंदुत्व के आदर्शों से समझौता करने का आरोप लगाता है.




पूर्व सीएम ठाकरे ने अपने आवास पर पार्टी कार्यकताओं से बात करते हुए कहा कि यह हमें देश में लोकतंत्र को बचाने और हिंदुत्व को बनाए रखने के लिए भगवान द्वारा दिया गया अवसर है. भगवा झंडा सिर्फ किसी के हाथ में नहीं होना चाहिए, यह किसी के दिल में होना चाहिए. जो कि मेरे दिल में है. इसके साथ ही शिवसेना प्रमुख ठाकरे ने अपनी पार्टी के कार्यकताओं से दशहरा रैली में अनुशासित तरीके से आने के लिए कहा. वहीं ठाकरे ने सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग में चल रहे शिवसेना की लड़ाई मामले पर कहा कि हमें कोर्ट के साथ-साथ चुनाव आयोग के सामने भी इस लड़ाई को जीतने की जरूरत है.

बता दें के मुंबई के शिवाजी पार्क में 5 अक्टूबर को शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे दशहरा रैली के दौरान अपने कार्यकताओं को संबोधित करेंगे. बॉम्बे हाई कोर्ट ने ठाकरे गुट को शिवाजी पार्क में रैली की अनुमति दी है. वहीं रैली की इजाजत मिलने के बाद शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शिवसैनिकों से कहा कि परंपरा में कालिख न लगने पाए. हालांकि अभी शिवसेना के चिन्ह को लेकर भी शिंदे गुट और ठाकरे गुट में तकरार चल रही है कि पार्टी का चिन्ह किस गुट को मिलेगा.

# मनपा कर्मचारियों को मिलेगा 20 हजार दिवाली बोनस

## समन्वय समिति को मनपा आयुक्त का आश्वासन

**मुंबई** : गणेशोत्सव त्यौहार के बाद मुंबई में नवरात्रि उत्सव की धूम मची है। लेकिन मुंबई महानगर पालिका के कर्मचारियों की दीवाली हो रही है। मनपा प्रशासन ने इस साल मनपा कर्मियों को 20 हजार रुपये दिवाली बोनस दिए जाने का निर्णय लिया है। मनपा द्वारा दिवाली बोनस की दिए जाने का मनपा आयुक्त द्वारा आश्वासन दिए जाने से मनपा कर्मियों में उत्साह का माहौल है। मुंबई वासियों को दिन रात सुविधा देने में अहोरात्र मेहनत करने वाले मनपा प्रशासन ने सुखद खबर दी है। मनपा मे कार्यरत लगभग सवा लाख कर्मचारियों को मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने 20 हजार बोनस देने का आश्वासन दिया है। मनपा आयुक्त ने इस तरह की जानकारी बुधवार को मनपा



मुख्यालय में मनपा समन्वय समिति सदस्यों की हुई बैठक में दी. बैठक के बाद समन्वय समिति के बाबा कदम ने कहा कि आयुक्त ने आश्वासन दिया है कि पिछले साल की तरह इस साल भी 20 हजार रुपये का बोनस दिया जाएगा. बैठक में समन्वय समिति के महाबल शेट्टी, वामन कविस्कर, सत्यवान जावकर, एड. प्रकाश देवदास, पी.एस. साल्वी, दिवाकर दलवी, संजीवन पवार, के.पी. नाइक, साईनाथ प्रदेश अध्यक्ष, के. के. सिंह के अलावा कामगार संघटना के प्रतिनिधी उपस्थित थे ।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com